Q.P. Code :04747

[समय: ३ घंटे] **[अंक:१००]**

Please check whether you have got the right question paper.

प्रश्न- १) निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए:- **२४**

१) "देखो भाई! मेरे लिए राजनीति धर्मनीति से कम नहीं। इस राह पर मेरे साथ चलना है तो गीता का उपदेश गाँठ बाँध लो–निष्ठा से अपना कर्तव्य किए जाओ, बस | फल पर दृष्टि ही मत रखो |"

अथवा

"नहीं,बिसू ने आत्महत्या नहीं की | आत्महत्या वह कर ही नहीं सकता था,इसीलिए शायद उसकी हत्या की गई | जो भी हो,अब वे इस मामले की तह तक पहुँचेंगे, बाद में जो भी हो,जैसा भी हो |"

२) "श्मशान इतना सुंदर था कि वहाँ जाकर, एक स्वस्थ व चरित्रवान व्यक्ति के हृदय में भी मृत्यू की कामना जाग उठती थी | मेरी समझ में यह कभी नहीं आया कि सारा सत्य जानने के बाबजूद, रोगी लोग पहले अस्पताल क्यों जाते थे? वे यदि सीधे ही श्मशान आ जाया करते तो उन समेत सबको कितनी सुविधा रहती |"

अथवा

"जहाँ यमुना के प्रथम दर्शन हो उस स्थान का नाम गंगानी(अर्थात् गंगा लायी गयी)क्यों?पूछने पर जाना कि प्राचीन काल में वहाँ एक ऋषि रहते थे जो रोज भयंकर राढी पर्वत को पार करके सोलह मील दूर गंगा-स्नान करने जाया करते थे | बूढापे में यह संभव नहीं हुआ तो उन्होंने गंगा की स्तुति की और वह प्रसन्न हो कर वहीं एक कुंड में प्रकट हुई |"

प्रश्न-२) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **३०**

१) 'दलित बिसू ने खुदकुशी की या उसकी हत्या हुई ?' इस विधान को 'महाभोज' के माध्यम से समझाइए |

अथवा

'महाभोज' के विपक्षी नेता सुकुल बाबू का चरित्र-चित्रण कीजिए |

२) मूलशंकर से स्वामी दयानंद बनने की यात्रा को अपने शब्दों में लिखिए |

अथवा

'गप-शप' निबंध में नामवर सिंह के प्रकट विचारों पर प्रकाश डालिए |

(आगे देखिए....)

278B0252E615E99118313F127623C3A8

प्रश्न-३) निम्नलिखित में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए:- १५

१) जोरावर सिंह जमींदार और गुंडागर्दी के रूप में गाँव एवं चुनाव में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है? प्रकाश डालिए |

अथवा

२) मेहमान घर आने पर मध्यमवर्गीय परिवार के जजमान की किस तरह गड़बड़ियाँ होती हैं? वर्णन कीजिए |

प्रश्न-४) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए:- १६

१) मुख्यमंत्री दा साहब |

अथवा

मशाल के संपादक दत्ता बाबू |

२) अस्पताल के डॉक्टर एवं नर्सेस |

अथवा

जमनोत्री की यात्रा और लेखक |

प्रश्न-५). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए:- १५

१) महाभोज किस प्रकार का उपन्यास है?
२) 'महाभोज' का नायक कौन है?
३) विपक्षी दल की ओर से उम्मीदवार के रूप में कौन चुनाव लड़ रहा था?
४) चुनाव जीतने के लिए मुख्यमंत्री कौन-सी लोकप्रिय घोषणा करते हैं?
५) सुकुल बाबू कितने वर्ष मुख्यमंत्री रह चुके थे?
६) बिसेसर के सच्चे मित्र का नाम क्या है?
७) जोरावर सिंह कितनी प्रतिशत वोट बैंक का मालिक था?
८) उपन्यास में ईमानदार पुलिस अफसर का नाम क्या है?
९) स्वामी दयानंद ने किस धर्म की स्थापना की?
१०) 'गप-शप' निबंध किसने लिखा है?
११) यमुना नदी को 'जमुना' क्यों कहा गया है?
१२) जमनोत्री की यात्रा किस लेखक ने पूरी की?
१३) अस्पताल में किसकी अदला-बदली होती है?
१४) अस्पताल में कौन-सी सुविधा प्राप्त थी?
१५) 'मेहमान' कहानी की पुष्पा स्वभाव से कैसी थी?

278B0252E615E99118313F127623C3A8